# AUD में पीजी के लिए अब 25 तक है मौका

NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : डॉ. बी.आर. आंबेडकर यूनिवर्सिटी दिल्ली के 28 पोस्टग्रैजुएट (पीजी) कोर्सों के लिए अब 25 जून तक ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन (aud.ac.in) होंगे। यूनिवर्सिटी ने स्टूडेंट्स को 10 दिन का और समय दिया है। पीजी स्टूडेंट्स के लिए मॉनसून सेमेस्टर 28 जुलाई से 13 दिसंबर तक चलेगा।

यूनिवर्सिटी के मेन कैंपस कश्मीरी गेट में इकनॉमिक्स, इंग्लिश, एनवायरनमेंट एंड डिवेलपमेंट, जेंडर स्टडीज, हिंदी, हिस्ट्री, कंपेरेटिव लिटरेचर, पॉलिटिकल साइंस, साइकॉलजी, सोशियोलॉजी में पीजी कोर्स समेत एमबीए के दो कोर्स के लिए एडमिशन होंगे।